# आरबीआई ने रेपो दर को रखा स्थिर

## वित्तीय वर्ष में ईएमआई में कोई बदलाव नहीं किया गया है : रिजर्व बैंक

**मुंबई, 08 अप्रैल.भारतीय रिजर्व बैंक ने पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति श्रृंखला में आयी बाधाओं और मुद्रास्फीति बढ़ने की आशंका के बीच रेपो दर 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखी है.**

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने बुधवार को समाप्त तीन दिन की बैठक में सर्वसम्मति से रेपो दर तथा दूसरी नीतिगत दरों को स्थिर रखने का फैसला किया.साथ ही केंद्रीय बैंक ने रेपो दर को लेकर अपना रुख तटस्थ बनाये रखा है.स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी रेट पांच प्रतिशत और मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी रेट 5.50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रहेगी.

### बैंकिंग तंत्र मजबूत बना हुआ है : संजय मल्होत्रा



मुंबई, रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि देश का बैंकिंग तंत्र मजबूत बना हुआ है और एचडीएफसी बैंक के संचालन को कोई खामी नहीं पायी गयी है . श्री मल्होत्रा ने यहां मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में आश्वस्त किया कि देश का बैंकिंग तंत्र पूरी तरह से मजबूत बना हुआ है . पिछले दिनों एचडीएफसी बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के इस्तीफे के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि बैंकों के निदेशक मंडल की बैठकों के विवरण की नियमित रूप से जांच की जाती है और हमारे हिसाब से एचडीएफसी बैंक के संचालन से संबंधित कोई खामी नहीं मिली है . उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में दिशा-निर्देशों में बदलाव की जरूरत नहीं लगती है . आरबीआई ने आज बैंकिंग तंत्र में सुधार के लिए कई उपायों की घोषणा की .

> वित्तीय बाजारों में अस्थिरता बढ़ी है, शेयर बाजारों में व्यापक गिरावट दर्ज की गयी है, और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सरकारी बॉन्ड पर रिटर्न बढ़ गये हैं .उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति अभी नियंत्रण में है और लक्ष्य से नीचे है, लेकिन ईंधन की कीमतों में वृद्धि और मौसम से संबंधित संभावित व्यवधानों के कारण भविष्य में महंगाई बढ़ने का खतरा बढ़ गया है .हालांकि खाद्य पदार्थों की कीमतें अभी स्थिर हैं, लेकिन भविष्य में अल नीनो जैसी परिस्थितियां जोखिम पैदा कर सकती हैं .

ईएमआई में कोई बदलाव नहीं हुआ है.घर, कार की ईएमआई स्थिर बनी रहेगी.



## रुपया 16 पैसे टूटा

**मुंबई, 08 अप्रैल.**अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया मंगलवार को 16 पैसे टूट गया और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 93.06 रुपये का बोला गया.पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 28 पैसे की मजबूती के साथ 92.90 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी.रुपये पर आज शुरू से ही दबाव रहा.यह 15 पैसे गिरकर 93.05 रुपये प्रति डॉलर पर खुला.बीच कारोबार में यह ऊपर 92.87 रुपये और नीचे 93.12 रुपये प्रति डॉलर तक गया.विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की लगातार जारी बिकवाली ने रुपये पर दबाव बनाया.उन्होंने आज भारतीय पूंजी बाजार से शुद्ध रूप से 143.58 करोड़ डॉलर निकाले.

# वीआईटी में शिक्षा से राष्ट्र निर्माण पर जोर

**चेन्नई , 08 अप्रैल.** चेन्नई के वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी ने मंगलवार को अपना यूनिवर्सिटी डे मनाया. इंडियन बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, बिनोद कुमार इस मौके पर चीफ गेस्ट के तौर पर मौजूद थे.



वीआईटी चेन्नई के पुराने स्टूडेंट मेजर वैभव चौरसिया गेस्ट ऑफ़ ऑनर के तौर पर शामिल हुए. इस इवेंट की अध्यक्षता वीआईटी के फाउंडर और चांसलर, डॉ. जी. विश्वनाथन ने की, और इस मौके पर वीआईटी के वाइस-प्रेसिडेंट डॉ. जी. वी. सेल्वम भी मौजूद थे. अपने भाषण में, श्री बिनोद कुमार ने स्टूडेंट्स को तेज़ी से बदलती दुनिया के लिए खुद को तैयार करने के लिए हिम्मत दी. उन्होंने चुनौतियों से निपटने और मौकों का फायदा उठाने के लिए लगातार कोशिश और एडजस्ट करने की क्षमता के महत्व पर ज़ोर दिया. उन्होंने एंड-यूज़र एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने पर फोकस के साथ इनोवेशन की ज़रूरत पर भी ज़ोर दिया. ज्ञान और कैरेक्टर के रोल पर ज़ोर देते हुए, बिनोद कुमार ने कहा कि ज्ञान एक ऐसी चीज़ है जो आपको खुद को बनाने में मदद करेगी.

> मेजर वैभव चौरसिया ने स्टूडेंट्स से अपने आस-पास से इंस्पिरेशन लेने और पॉजिटिव असर पर फोकस करने की अपील की . उन्होंने उनसे हिम्मत बनाए रखने, सेल्फ-बिलीफ बनाए रखने की अपील की . उन्होंने कहा कि कभी हार मत मानो, कभी खुद पर शक मत करो . चीजें ठीक नहीं होंगी और चीजें गलत होंगी, लेकिन आपको कड़ी मेहनत करते रहना होगा और हमेशा चीजें सही करनी होंगी . अपने प्रेसिडेंशियल एड्रेस में, डॉ . जी . विश्वनाथन ने एजुकेशन की ट्रांसफॉर्मेटिव पावर पर ज़ोर दिया .

# महिलाएं बनीं भारत की क्रेडिट ग्रोथ की नई ताकत




**नई दिल्ली, 08 अप्रैल. भारत की अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका तेजी से बदल रही है और अब वे केवल घरेलू वित्त तक सीमित नहीं हैं, बल्कि देश के क्रेडिट मार्केट की एक मजबूत स्तंभ बनकर उभर रही हैं.**

नीति आयोग की एक नई रिपोर्ट के अनुसार महिलाएं अब रिटेल और बिजनेस लेंडिंग में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं, जिससे क्रेडिट ग्रोथ को नई दिशा मिल रही है. भारत में महिलाओं की आर्थिक भागीदारी एक नए दौर में प्रवेश कर रही है, जहां वे क्रेडिट बाजार की महत्वपूर्ण चालक बनती जा रही हैं. नीति आयोग द्वारा जारी रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है कि महिलाएं अब केवल छोटे कर्ज तक सीमित नहीं हैं, बल्कि रिटेल और बिजनेस लोन के जरिए आर्थिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं.

रिपोर्ट के अनुसार, देश में महिला उधारकर्ताओं का कुल क्रेडिट पोर्टफोलियो बढ़कर 76 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो कुल सिस्टम क्रेडिट का 26 प्रतिशत हिस्सा है. यह 2017 के 16 लाख करोड़ रुपये की तुलना में लगभग 4.8 गुना वृद्धि को दर्शाता है, जो महिलाओं की बढ़ती वित्तीय भागीदारी का संकेत है.

# उद्योग ने की सस्ते ऊर्जा-कर्ज की मांग

## 'एल्युमिनियम भारत' पहल लॉन्च के लिए उद्योग ने मांगा समर्थन

**नई दिल्ली, 08 अप्रैल. एल्युमिनियम एक्सट्रुजन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ( एलेमाई ) ने मंगलवार को एल्युमिनियम भारत पहल की घोषणा की और सरकार से निर्यात क्षमता बढ़ाने के लिए सस्ती ऊर्जा एवं कर्ज तथा करो में रियायत की मांग की.**

उद्योग जगत इसी वर्ष सितंबर में अहमदाबाद में एक बड़ी प्रदर्शनी और सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है.इस पहल का उद्घाटन वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने यहां संगठन के एक कार्यक्रम में किया.इस मौके पर श्री प्रसाद ने वैश्विक व्यापार में आ रहे परिवर्तनों के बीच स्थानीय उत्पाद क्षमताओं को मजबूत करने की आवश्यकता पर कहा कि एल्युमिनियम भारत पहल यह दिखाती है कि भारत एल्युमिनियम निर्माण में वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ना चाहता है.

सरकार भारतीय उद्योग को समान अवसर देने और भारत को उच्च गुणवत्ता वाले एल्युमिनियम उत्पादों का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है.



> पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के कारण तेल और गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव हो रहा है, जिससे एल्युमिनियम जैसे ऊर्जा-आधारित उद्योग पर सीधा असर पड़ रहा है .इसके अलावा उत्पादकों के लिए परिवहन लागत और सप्लाई चेन की समस्याएं भी बढ़ गई हैं .दूसरी ओर भारत में खास कर एल्युमिनियम स्क्रैप की कमी है जिसके कारण कच्चे माल की लागत दुनिया में सबसे अधिक है, जो डाउनस्ट्रीम उद्योग के लिए अत्यंत जरूरी है .

# वस्त्र उद्योग को 350 अरब का लक्ष्य

**टेक्सटाइल सेक्टर को मिली नई रफ्तार**

**इंडिया हैंडमेड' को ग्लोबल पहचान देने पर जोर**



**नई दिल्ली 08 अप्रैल.केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव ने मंगलवार को कहा कि भारत का वस्त्र उद्योग 2030 तक 350 अरब डॉलर तक बढ़ने के लिए तैयार है, जिसमें निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है.**

उन्होंने नवाचार को बढ़ावा देने, योजनाओं में समन्वय को मजबूत करने और एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की आवश्यकता पर बल दिया जो लागत प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाता है और सतत विकास का समर्थन करता है.सुश्री राव में केंद्रीय बजट 2026-27 पर उत्तरी क्षेत्र के हितधारकों के साथ परामर्श के लिए वस्त्र मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित बैठक के समापन सत्र को संबोधित कर रही थीं.

इस बैठक में राज्य सरकारों, उद्योग निकायों, उद्यमियों, शिक्षाविदों, वस्त्र अनुसंधान संघों, निर्यात संवर्धन परिषदों और पुरस्कार विजेता बुनकरों और कारीगरों सहित 200 से अधिक हितधारकों ने भाग लिया.सुश्री राव ने कहा कि बजट में प्रस्तावित योजनाएं विनिर्माण को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन और निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने पर केंद्रित हैं, और मूल्य श्रृंखलाओं में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए हैं.

# रेयर अर्थ मैग्नेट निर्माण को बढ़ावा

## 7,280 करोड़ की योजना से मैग्नेट सेक्टर को रफ्तार

**नई दिल्ली, 08 अप्रैल. देभारत सरकार ने रेयर अर्थ मैग्नेट निर्माण को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ी पहल शुरू की है, जो देश को इस रणनीतिक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है.**

एक के तहत 7,280 करोड़ रुपये की योजना पर काम तेज हो गया है, जिसके लिए हाल ही में प्री-बिड कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई. इस योजना का उद्देश्य देश में रेयर अर्थ मैग्नेट के पूरे उत्पादन चक्र को विकसित करना है—कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पाद तक. इसमें 25 कंपनियों ने हिस्सा लिया, जो इस क्षेत्र में बढ़ती रुचि को दर्शाता है. रेयर अर्थ मैग्नेट इलेक्ट्रिक वाहन, नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स और रक्षा जैसे अहम क्षेत्रों के लिए बेहद जरूरी होते हैं.

ऐसे में यह पहल न केवल मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देगी, बल्कि आयात पर निर्भरता कम करने और भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे लाने में भी मदद करेगी. इस योजना के तहत अधिकतम पांच कंपनियों का चयन किया जाएगा, जिनमें से प्रत्येक कंपनी 1,200 मीट्रिक टन प्रति वर्ष उत्पादन क्षमता वाली इकाई स्थापित करेगी.

# सीजफायर के बावजूद सोना-चांदी में 6 प्रतिशत का उछाल



**नई दिल्ली 08 अप्रैल.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दो सप्ताह के सीजफायर प्लान की घोषणा के बावजूद बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में तेज उछाल देखने को मिला. सुरक्षित निवेश (सेफ-हेवन) की मांग बढ़ने से कीमती धातुओं में तेजी बनी रही. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना और चांदी दोनों ने ऊंचे स्तर छुए हैं. सोना 1.53 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया, जबकि चांदी में करीब 6 प्रतिशत तक की तेज बढ़त दर्ज की गई. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने के जून 5 फ्यूचर्स 3,688 रु. या 2.45 प्रश बढ़कर 1,53,977 रु. के इंट्राडे हाई पर पहुंच गए (सुबह 10.52 बजे तक). सोना 1,53,920 रु.पर कारोबार करता दिखा, जो 3,631 रु. या 2.42 प्रश की बढ़त है. इसका इंट्राडे लो 1,53,301 रु. रहा, जो पिछले बंद के मुकाबले 2 प्रतिशत ऊपर है. वहीं, चांदी के मई 5 फ्यूचर्स में करीब 6 प्रश या 13,422 रु की तेजी आई और यह 2,44,770 रु. के इंट्राडे हाई तक पहुंच गया.

# फार्मा, फूड और कृषि जैसे क्षेत्रों को मिलेगी राहत

## उद्योगों को मिलेगा 70 प्रतिशत आवंटन

**नई दिल्ली, 08 अप्रैल.** केंद्र सरकार ने एलपीजी आवंटन के लिए नया फॉर्मूला लागू कर दिया है, ताकि फार्मा, फूड, कृषि और अर्थव्यवस्था के लिए अहम सेक्टर्स को पर्याप्त एलपीजी मिल सके. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार अब इन उद्योगों को उनकी मार्च 2026 तक की खपत का 70 प्रतिशत एलपीजी मिलेगा. हालांकि, पूरे सेक्टर के लिए कुल सीमा 0.2 टीएमटी प्रतिदिन तय की गई है. नए फॉर्मूले में प्राथमिकता उन फैक्ट्रियों को दी गई है, जहां एलपीजी की जगह प्राकृतिक गैस का उपयोग संभव नहीं है. इसके लिए उद्योगों को तेल कंपनियों के साथ रजिस्ट्रेशन करना होगा और पाइप्ड नेचुरल गैस के लिए आवेदन करना होगा. हालांकि, जहां गैस उपलब्ध नहीं है, वहां पीएनजी आवेदन की शर्त नहीं लागू होगी. सरकार ने इस योजना से उद्योगों की उत्पादन क्षमता और सप्लाई चेन को मजबूत बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है. नए फॉर्मूले से एलपीजी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित होगी और महत्वपूर्ण उद्योगों को उत्पादन में रुकावट से बचाया जाएगा. सरकार द्वारा राज्यों को पहले ही पैक्ड नॉन-डोमेस्टिक एलपीजी का 70 प्रश आवंटन किया जा चुका है. इसमें 10 प्रतिशत का अतिरिक्त कोटा उन राज्यों को मिलेगा जो पीएनजी से जुड़े तय सुधार लागू करेंगे. सरकार के अनुसार, सरकार ने राज्यों तीन जरूरी कदम उठाने को कहा है, जिसमें पहला- नेचुरल गैस एंड पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूशन ऑर्डर 2026 को सभी संबंधित विभागों तक पहुंचाना.



# देश में 24 दिन का कोयला बैकअप

**नई दिल्ली, 8 अप्रैल.** दुनियाभर में भू-राजनीतिक तनाव और ऊर्जा संकट की खबरों के बीच भारत सरकार ने आम जनता और उद्योगों को भरोसा दिलाया है कि देश में न बिजली की कमी होगी और न रसोई गैस या पेट्रोल-डीजल की. कोयला, पेट्रोलियम और विदेश मंत्रालय की संयुक्त जानकारी के मुताबिक, देश के पास पर्याप्त ऊर्जा भंडार मौजूद है और बिजली, गैस तथा ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सुनिश्चित की गई है. कोयला मंत्रालय ने बताया देश में वर्तमान में 55 मिलियन टन कोयले का भंडार मौजूद है, जो अगले 24 दिनों तक पूरी बिजली आपूर्ति के लिए पर्याप्त है. औद्योगिक इकाइयों के लिए नए नियम और आपूर्ति प्रोटोकॉल लागू किए गए हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर घरेलू उपभोक्ताओं की आपूर्ति प्रभावित न हो. भारत सरकार ने देशवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि न तो बिजली कटेगी और न ही रसोई गैस या पेट्रोल-डीजल की कमी होगी.


**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India**
क्षेत्रीय कार्यालय: प्लाट नं. 160-161, पीयू-4, सी-21 माल के पीछे, स्कीम नं. 54, ए.बी. रोड, इन्दौर
**ई-नीलामी की सूचना**

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभावित है, का सांकेतिक कब्जा प्रतिभूति लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है** के आधार पर निम्न ऋणियों से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया से प्रतिभूति लेनदार की निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा दिनांक **20.05.2026** को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है।

| क्रं. | ऋणी, जमानतदार एवं शाखा का नामएवं मोबाईल नं. | बंधक संपत्तियों का विवरण | मांग पत्र दिनांक / बकाया राशि (₹) | आरक्षित मूल्य (₹) / धरोहर राशि (₹) / बिड वृद्धि राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **मेसर्स वसावी हियरिंग सोल्युशन्स, प्रोप्रायटर: श्री चैतन्य कौशिक एवं जमानतदार: श्रीमती रश्मी कौशिक पति तरुण कौशिक, शाखा: जानकी नगर, इन्दौर मोबाईल: 83700 12029** | प्लाट नं. 144, लोटस पार्क कॉलोनी, सेक्टर-बी, तहसील सांवेर, जिला इन्दौर (म.प्र.), **क्षेत्रफल: 1500 वर्गफीट, मालिक: श्रीमती रश्मी कौशिक पति तरुण कौशिक, चर्तु:सीमा: उत्तर:** प्लाट नं. 145, **दक्षिण:** कॉलोनी की सड़क, **पूर्व:** प्लाट नं. 153, **पश्चिम:** कॉलोनी की सड़क | 19.01.2026 / 1,06,81,904.10 + ब्याज एवं अन्य खर्च - उसके बाद की गई रिकवरी | 82,87,500 / 8,28,700 / 1,00,000 |

**(ऑनलाईन) ई-नीलामी दिनांक: 20.05.2026 , समय: प्रात: 10 से सायं 6 बजे तक**
**दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम दिनांक 20.05.2026 एवं ईएमडी जमा करने की अंतिम दिनांक व समय : 20.05.2026, सायं 5.30 बजे तक, ईएमडी को छोड़कर शेष बोली की राशि जमा करने के लिए बैंक खाते का विवरण: अकाउंट नं. : 3283786076, खाते का नाम: प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, इन्दौर, IFSC CODE: CBIN0280765**

बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया **सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया** सिक्योर्ड क्रेडिटर की वेबसाइट यानी **www.centralbank.co.in** और सेवा प्रदाता की वेबसाइट **https://baanknet.com** देखें। **क्षेत्रीय कार्यालय इन्दौर 95222 73419** से संपर्क कर सकते है।
**नोट:** पानी के सर्विस शुल्क, पानी का शुल्क, बिजली शुल्क, सोसाइटी शुल्क और अन्य सभी देय राशियों का भुगतान उधारकर्ता (Borrower) द्वारा किया जाएगा।

**सिक्यूरीटाईजेशन एक्ट 2002 के अंतर्गत विक्रय हेतु 30 दिवसीय वैधानिक सूचना**

**सफल बोलीकर्ता को 15% राशि का भुगतान 24 घंटे के भीतर करना होगा।**

**स्थान: इन्दौर, दिनांक: 09.04.2026** — **प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया**



**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण**
**कार्यालय कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास वि. / यां. संभाग क्र. 15,**
**ई-1 /7, नर्मदा कॉलोनी, स्कीम नं. 78 विजय नगर, इन्दौर (म.प्र.)**

निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन

निविदा सूचना क्र. 01 से 10 /2026-27 — दिनांक 06.04.2026

| स.क्र. | ई.निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू. में) | धरोहर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_NVDA_497450_1 | ओ.एस.पी. केनाल (मण्डलेश्वर) जिला खरगोन के फेज-2 की आर.डी.1.53 कि.मी. पर स्थित मायनर एस.एम.(गेट साईज 300x300) आर.डी.1.58 कि.मी. पर स्थित मायनर एस.एम. (गेट साईज 300x300) आर.डी. 0.25 कि.मी. पर स्थित मायनर बी.एम (गेट साईज 300x300) केनाल गेटों के सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | रु. 306000.00 (रूपये तीन लाख छः हजार) मात्र | रु. 6120.00 (रू.छः हजार एक सौ बीस ) मात्र | रु. 2000.00 दो हजार) मात्र | लो.नि.वि. भोपाल मे केन्द्रियकृत पद्धती के अंतर्गत पंजीकृत | 15 दिन |
| 2 | 2026_NVDA_497473_1 | ओ.एस.पी. केनाल (मण्डलेश्वर) जिला खरगोन के फेज-2 की आर.डी.1.5 कि.मी. पर स्थित मायनर बी.एम.(गेट साईज 300x300) आर.डी.0.895 कि.मी. पर स्थित मायनर बी.एम. (गेट साईज 300x300) आर.डी. 0.80 कि.मी. पर स्थित मायनर एम. 1 (गेट साईज 600x600) केनाल गेटों के सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | रु. 315078.00 (रूपये तीन लाख पन्द्रह हजार अठोहत्तर) मात्र | रु. 6302.00 (रू.छः हजार तीन सौ दो) मात्र | रु. 2000.00 दो हजार) मात्र | लो.नि.वि. भोपाल मे केन्द्रियकृत पद्धती के अंतर्गत पंजीकृत | 15 दिन |
| 3 | 2026_NVDA_497482_1 | ओ.एस.पी. केनाल (मण्डलेश्वर) जिला खरगोन के फेज-2 की आर.डी.1.5 कि.मी. पर स्थित मायनर एम.2(गेट साईज 600x600), आर.डी.2.3कि.मी. पर स्थित मायनर एम.3 (गेट साईज 600x600), आर.डी.3.2 कि.मी. पर स्थित मायनर बी.एम (गेट साईज 600x600) केनाल गेटों के सुधार एवं | रु. 330891.00 (रूपये तीन लाख तीस हजार आठ सौ इक्यानवे) मात्र | रु. 6618.00 (रू.छः हजार छः सौ अठराह) मात्र | रु. 2000.00 दो हजार) मात्र | लो.नि.वि. भोपाल मे केन्द्रियकृत पद्धती के अंतर्गत पंजीकृत | 15 दिन |
| 4 | 2026_NVDA_497503_1 | ओ.एस.पी. केनाल (मण्डलेश्वर) जिला खरगोन के फेज-2 की आर.डी.0.5 कि.मी. पर स्थित मायनर बी.एम.1(गेट साईज 300x300), आर.डी.0.5 कि.मी. पर स्थित सब मायनर एस.एम. (गेट साईज 300x300), आर.डी.2.3 कि.मी. पर स्थित मायनर बी.एम 2 (गेट साईज 600x600) केनाल गेटों के सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | रु. 314794.00 (रूपये तीन लाख चौदह हजार सात सौ चौरानवे) मात्र | रु. 6296.00 (रू.छः हजार दो सौ छियानवे) मात्र | रु. 2000.00 दो हजार) मात्र | लो.नि.वि. भोपाल मे केन्द्रियकृत पद्धती के अंतर्गत पंजीकृत | 15 दिन |
| 5 | 2026_NVDA_497510_1 | ओ.एस.पी. केनाल (मण्डलेश्वर) जिला खरगोन के फेज-2 की आर.डी. 2.85 कि.मी. पर स्थित मायनर बी.एम(गेट साईज 300x300), आर.डी.3.9 कि.मी. पर स्थित मायनर बी.एम. (गेट साईज 300x300), आर.डी.4.5 कि.मी. पर स्थित सब मायनर एस.एम.(गेट साईज 900x900) केनाल गेटों के सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | रु. 319036.00 (रूपये तीन लाख उन्नीस हजार छत्तीस) मात्र | रु. 6381.00 (रू.छः हजार तीन सौ इक्यासी) मात्र | रु. 2000.00 दो हजार) मात्र | लो.नि.वि. भोपाल मे केन्द्रियकृत पद्धती के अंतर्गत पंजीकृत | 15 दिन |
| 6 | 2026_NVDA_497515_1 | ओ.एस.पी. केनाल (मण्डलेश्वर) जिला खरगोन के फेज-2 की आर.डी. 3.45 कि.मी. पर स्थित मायनर बी.एम(गेट साईज 300x300 डी.एम.25 की मायनर ), आर.डी.1.95 कि.मी. पर स्थित मायनर बी.एम. (गेट साईज 300x300 डी.एम.26 की मायनर), आर.डी. 1.9 कि.मी. पर स्थित मायनर बी.एम.1(गेट साईज 600x600 डी.एम.27 की मायनर ) केनाल गेटों के सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | रु. 314936.00 (रूपये तीन लाख चौदह हजार नौ सौ छत्तीस) मात्र | रु. 6299.00 (रू.छः हजार दो सौ निन्यानवे) मात्र | रु. 2000.00 दो हजार) मात्र | लो.नि.वि. भोपाल मे केन्द्रियकृत पद्धती के अंतर्गत पंजीकृत | 15 दिन |
| 7 | 2026_NVDA_497522_1 | ओ.एस.पी. केनाल (मण्डलेश्वर) जिला खरगोन के फेज-2 की आर.डी. 2.5 कि.मी. पर स्थित मायनर बी.एम2 (गेट साईज 300x300), आर.डी.3.5 कि.मी. पर स्थित मायनर बी.एम. 3 (गेट साईज 300x300), आर.डी.4.8 कि.मी. पर स्थित मायनर बी.एम.4(गेट साईज 300x300) डी.एम. 27 की मायनर केनाल गेटों के सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | रु. 307136.00 (रूपये तीन लाख सात हजार एक सौ छत्तीस) मात्र | रु. 6143.00 (रू.छः हजार एक सौ तिरतालिस) मात्र | रु. 2000.00 दो हजार) मात्र | लो.नि.वि. भोपाल मे केन्द्रियकृत पद्धती के अंतर्गत पंजीकृत | 15 दिन |
| 8 | 2026_NVDA_497530_1 | ओ.एस.पी. केनाल (मण्डलेश्वर) जिला खरगोन के फेज-2 की आर.डी. 1.9 कि.मी. पर स्थित मायनर बी.एम (गेट साईज 300x300), आर.डी.4.5 कि.मी. पर स्थित मायनर बी.एम.1 (गेट साईज 300x300), आर.डी.5.2 कि.मी. पर स्थित मायनर बी.एम.2(गेट साईज 300x300) डी.एम. 32 की मायनर केनाल गेटों के सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | रु. 307420.00 (रूपये तीन लाख सात हजार चार सौ बीस) मात्र | रु. 6148.00 (रू.छः हजार एक सौ अड़तालिस) मात्र | रु. 2000.00 दो हजार) मात्र | लो.नि.वि. भोपाल मे केन्द्रियकृत पद्धती के अंतर्गत पंजीकृत | 15 दिन |
| 9 | 2026_NVDA_497540_1 | ओ.एस.पी. केनाल (मण्डलेश्वर) जिला खरगोन के फेज-2 की आर.डी. 1200 मी. पर स्थित मायनर बी.एम 2 (गेट साईज 300x300), आर.डी.4000मी. पर स्थित मायनर बी.एम.4 (गेट साईज 300x300 2 नग गेट) डी.एम.33 की मायनर केनाल गेटों के सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | रु. 308130.00 (रूपये तीन लाख आठ हजार एक सौ तीस) मात्र | रु. 6163.00 (रू.छः हजार एक सौ तिरसठ) मात्र | रु. 2000.00 दो हजार) मात्र | लो.नि.वि. भोपाल मे केन्द्रियकृत पद्धती के अंतर्गत पंजीकृत | 15 दिन |
| 10 | 2026_NVDA_497552_1 | ओ.एस.पी. केनाल (मण्डलेश्वर) जिला खरगोन के फेज-2 की आर.डी. 700 मी. पर स्थित मायनर बी.एम 1 (गेट साईज 300x300), आर.डी.2800मी. पर स्थित मायनर बी.एम.3 (गेट साईज 300x300 2 नग गेट) डी.एम.33 की मायनर केनाल गेटों के सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | रु. 306994.00 (रूपये तीन लाख छः हजार नौ सौ चौरानवे) मात्र | रु. 6140.00 (रू.छः हजार एक सौ चालिस) मात्र | रु. 2000.00 दो हजार) मात्र | लो.नि.वि. भोपाल मे केन्द्रियकृत पद्धती के अंतर्गत पंजीकृत | 15 दिन |

निविदा कार्य के प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि : 21/04/2026, 17:30 तक (केवल आनलाइन)
निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 23/04/2026, 10:30 से 23/04/2026, 17:30 तक (केवल आनलाइन)
प्राइज बीड खुलने की तिथि : 23/04/2026, 10:30 से 23/04/2026, 17:30 तक (केवल आनलाइन )
निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑनलाइन क्रय किया जा सकता है। ऑनलाइन पर भुगतान डेबिट / कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता हैं। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

G11195/26

कार्यपालन यंत्री
न. वि. वि / यां सं. क्र 15, इन्दौर